सांध्य दैनिक

# डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

*NewsPaper*NewsPortal*NewsChannel

सतर्क रहें-सजग रहें अभियान

www.dgr.co.in | www.detectivegroupreport.com

वर्ष : 9 अंक : 171 | इंदौर, शुक्रवार 29 दिसंबर, 2023 | पेज : 8, मूल्य : 2 रुपए

## Headline

1. **Weather Alert:** पहाड़ों पर होगा 'व्हाइट न्यू ईयर'! अगले दो दिन बर्फबारी के आसार; बारिश और कोहरे की भी संभावना
2. **Burhanpur:** आचार्य शैलेंद्र सरस्वती के विवादित बयान पर मामला दर्ज, साधु-संतों को लेकर कही ये बात
3. **Kannauj Case:** सर्वे पूरा...रिपोर्ट तैयार, अब मुनुआ का घर होगा जमींदोज; सिपाही सचिन राठी के कातिल पर कसा शिकंजा
4. **Rajasthan:** प्रदेश में केंद्र के निर्देशों का उल्लंघन, संपत्ति का ब्योरा देने में नेता पीछे, कर्मचारी आगे
5. **Donald Trump:** कोलोराडो के बाद इस राज्य से ट्रंप को झटका, 2024 राष्ट्रपति चुनाव की रेस में शामिल होने से रोका
6. **JDU Meeting:** ललन सिंह CM नीतीश कुमार से मिलने उनके आवास पहुंचे, दोनों साथ में बैठक के लिए निकले

# आज खत्म हो सकता है इंतजार

### मंत्रियों के विभाग बंटवारे को लेकर पार्टी आलाकमान से फाइनल चर्चा संभव, सीएम डॉ. यादव दिल्ली दौरे पर

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

भोपाल। मध्यप्रदेश में आज मंत्रियों को विभागों का बंटवारा हो सकता है। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव दिल्ली दौरे पर हैं। वे यहां बीजेपी के केंद्रीय नेतृत्व से मिलकर विभाग बंटवारे पर फाइनल चर्चा कर सकते हैं।

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव गुरुवार रात करीब सवा 9 बजे प्राइवेट विमान से दिल्ली के लिए रवाना हुए। दिल्ली रवाना होने से पहले उन्होंने बीजेपी के प्रदेश संगठन महामंत्री हितानंद शर्मा से उनके घर पहुंचकर मुलाकात की। ये मुलाकात करीब आधे घंटे तक चली।

सीएम शुक्रवार दोपहर दिल्ली से वापस लौटेंगे। ऐसा माना जा रहा है कि उनके भोपाल लौटने के बाद कभी भी मंत्रियों को विभाग बंटवारे का ऐलान




हो सकता है। इससे पहले दैनिक भास्कर ने विभाग बंटवारे को लेकर मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव से सवाल पूछा तो उन्होंने कहा, जब मंत्री बना दिए तो अब ये भी हो जाएगा।

### सिंघार बोले- डबल इंजन में दिल्ली का इंजन ही चलता दिख रहा

25 दिसंबर को डॉ. मोहन मंत्रिमंडल का विस्तार हुआ था। जिसके तहत 28 मंत्रियों ने पद और गोपनीयता की शपथ ली थी। इसके तीन दिन बाद भी मंत्रियों को विभागों का बंटवारा नहीं हुआ है। इसे लेकर कांग्रेस ने सरकार पर तंज कसा है। नेता प्रतिपक्ष उमंग सिंघार ने गुरुवार को सोशल मीडिया पर लिखा- सीएम के चयन का फैसला 10 दिन में, मंत्रिमंडल का फैसला 12 दिन में, अब विभागों के बंटवारे में देरी और खींचतान जारी है। उन्होंने आगे लिखा, आखिर प्रदेश के नए नवेले मुख्यमंत्री को कोई अधिकार दिया भी गया है कि नहीं, या सारे फरमान दिल्ली दरबार से जारी हो रहे हैं। डबल इंजन की सरकार में दिल्ली का इंजन ही चलता दिखाई दे रहा है।

### डिप्टी सीएम के पास भी कोई विभाग नहीं

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के साथ 13 दिसंबर को शपथ लेने वाले दोनों डिप्टी सीएम राजेंद्र शुक्ल और जगदीश देवड़ा को भी पद संभाले 15 दिन बीत चुके हैं। उनके पास फिलहाल कोई विभाग नहीं है। मंत्रियों को विभागों का बंटवारा न होने से अधिकारियों में भी असमंजस का माहौल है। चुनाव हार चुके पूर्व मंत्रियों और इस बार मंत्री न बनने वाले विधायकों के स्टाफ में पदस्थ अधिकारी-कर्मचारी नए मंत्रियों के यहां जगह बनाने की कोशिश में लगे हुए हैं।

# एक हफ्ते में होंगे अधिकारियों के तबादले

### ◆ 5 जनवरी के बाद चुनाव आयोग की अनुमति बगैर नहीं हो सकेगी प्रशासनिक सर्जरी

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**भोपाल। डॉ. मोहन सरकार को प्रशासनिक व्यवस्था की जमावट 5 जनवरी के पहले करनी होगी। यह संकेत भी मिले हैं कि स्वास्थ्य विभाग के अपर मुख्य सचिव मो. सुलेमान और प्रमुख सचिव ऊर्जा संजय दुबे का भी तबादला जल्दी होगा।**

राज्य सरकार 5 जनवरी के बाद चुनाव आयोग की अनुमति के बिना कलेक्टर, एडीएम, एसडीएम, तहसीलदार और नायब तहसीलदारों के तबादले नहीं कर सकेगी। इसकी वजह लोकसभा चुनाव के लिए 6 जनवरी से 8 फरवरी तक चलने वाला मतदाता सूची का संक्षिप्त पुनरीक्षण कार्यक्रम है।

चुनाव आयोग के इस तय कार्यक्रम के चलते अगले एक हफ्ते में कलेक्टरों, पुलिस अधीक्षकों के साथ निर्वाचन कार्य में मुख्य भूमिका निभाने वाले अपर कलेक्टर, संयुक्त कलेक्टर, डिप्टी कलेक्टर, तहसीलदार और नायब तहसीलदार के तबादले किए जाएंगे। इसमें खासतौर पर वे अफसर प्रभावित होंगे जो विधानसभा चुनाव में बीजेपी नेताओं के आरोपों के निशाने पर रहे हैं। इसके अलावा नए मुख्यमंत्री अपनी प्रशासनिक जमावट भी करेंगे, ताकि वे लोकसभा चुनाव के दौरान प्रशासनिक एक्टिविटीज को बेहतर तरीके से लागू करा सकें। सूत्रों का कहना है कि 6 जनवरी से 8 फरवरी के बीच ऐसे अफसरों के तबादले चुनाव आयोग की अनुमति से ही हो सकेंगे।

### 30 जून को तीन साल पूरे करने वाले भी हटेंगे

इसके अलावा आयोग ने लोकसभा चुनाव के मद्देनजर 30 जून को एक ही जिले में तीन साल का कार्यकाल पूरा करने वाले अफसरों के तबादले के आदेश भी दिए हैं। इनमें कलेक्टर, एसपी, आईजी, संभागायुक्त, अपर कलेक्टर, संयुक्त कलेक्टर, डिप्टी कलेक्टर, तहसीलदार, नायब तहसीलदार, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक, उप पुलिस अधीक्षक, नगर पुलिस अधीक्षक, अनुविभागीय अधिकारी पुलिस और नगर निरीक्षक शामिल हैं। आयोग ने कहा है कि चुनाव से सीधा संबंध रखने वाले अधिकारियों में से अगर कोई अफसर प्रमोशन के बाद भी 30 जून 2024 की स्थिति में जिले में तीन साल पूरे करता है तो उसे भी हटाया जाए। 31 जनवरी 2024 तक इसकी जानकारी आयोग को दी जाए।

### चुनाव आयोग ने ऐसा तय किया है कार्यक्रम

1 जनवरी 2024 की स्थिति में मतदाता सूची के ड्राफ्ट का प्रकाशन 6 जनवरी को होगा। 6 जनवरी से 22 जनवरी तक मतदाता सूची के लिए रिकॉर्ड अफसर, कमांडिंग अफसर और अथॉरिटीज द्वारा वेरिफिकेशन और स्कैनिंग के लिए फॉर्म रिसीव करने व अपलोड करने की कार्रवाई की जाएगी। 2 फरवरी तक अधूरे फॉर्म भरे जाएंगे और इससे संबंधित अन्य प्रक्रिया पूरी कराई जाएगी। 6 फरवरी को सुधारे गए फॉर्म को रिकॉर्ड में लेने और जिला निर्वाचन अधिकारी से जारी कराने का काम किया जाएगा। 8 फरवरी को मतदाता सूची का अंतिम पुनरीक्षण और प्रकाशन किया जाएगा।

# आईडीए ने लीज नवीनीकरण के 24 घंटे में 135 प्रकरण किए निराकृत

## साढ़े 7 करोड़ का राजस्व भी कर लिया अर्जित

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

इंदौर। **आचार संहिता के चलते प्राधिकरण में भी लम्बित प्रकरणों की फाइलों का ढेर लग गया था। मगर अब तेजी से इनका निराकरण किया जा रहा है। कल ही लीज नवीनीकरण में एक नया रिकॉर्ड बनाते हुए 135 प्रकरण निराकृत कर दिए। 24 घंटे में इससे पहले कभी भी इतनी बड़ी संख्या में फाइलों का निपटान नहीं हुआ। अब मात्र रजिस्ट्री, एनओसी, नवीनीकरण या फ्री होल्ड के 1033 प्रकरण ही बचे हैं और 23 हजार से ज्यादा निराकृत कर दिए। इससे प्राधिकरण को साढ़े 7 करोड़ रुपए का राजस्व भी अर्जित हो गया है। दूसरी तरफ सम्पत्ति मालिकों को अब बार-बार प्राधिकरण दफ्तर के चक्कर भी नहीं काटना पड़ेंगे।**

प्राधिकरण की विभिन्न योजनाओं में हजारों की संख्या में लीजधारक हैं, जिन्हें भूखंड, फ्लेट या अन्य सम्पत्तियां आबंटित की गई हैं। अब तो प्राधिकरण नई सम्पत्तियों को फ्री होल्ड ही बेचता है। वहीं पुरानी सम्पत्तियों को भी फ्री होल्ड किया जा रहा है। अब ज्यादातर विवादित कोर्ट-कचहरी या जांच में फंसी सम्पत्तियों का ही लीज नवीनीकरण और फ्री होल्ड की प्रक्रिया अटकी है। अविवादित प्रकरण धड़ाधड़ निराकृत हो रहे हैं। प्राधिकरण अध्यक्ष जयपालसिंह चावड़ा लगातार इन लम्बित प्रकरणों की ना सिर्फ मॉनिटरिंग कर रहे हैं, बल्कि कल उन्होंने बैठकर एक ही दिन में लीज नवीनीकरण के 135 प्रकरण निपटाए, उनके साथ सम्पदा शाखा के कर्मचारियों की टीम भी मौजूद रहे और साथ में सीईओ आरपी अहिरवार भी मौजूद रहे।

सीईओ द्वारा लीज नवीनीकरण की इन फाइलों की विसंगतियों को भी हाथों हाथ दूर करवाया, ताकि आवेदकों को बार-बार चक्कर ना लगाना पड़े। श्री चावड़ा के पास भी जो आवेदक पहुंच रहे हैं उनकी समस्या, शिकायतों का निराकरण तुरंत करवाने के प्रयास किए जाते हैं, जिसका परिणाम यह है कि कल तक 23 हजार 358 लम्बित प्रकरणों का निराकरण हो चुका था, जिसमें रजिस्ट्री, एनओसी, ट्रांसफर, पता परिवर्तन, लीज रेंट के अलावा फ्री होल्ड और लीज नवीनीकरण के प्रकरण शामिल रहे हैं। अभी तीन दिन की लगातार छुट्टियां थी, जिसके चलते कल एक ही दिन में लीज नवीनीकरण के 135 प्रकरणों की फाइलें निराकृत कर दी गई।

अब जो फाइलें लंबित है, उनमें लीज शर्तों के उल्लघंन, आवंटन निरस्ती के नोटिस या कोर्ट में चल रहे प्रकरण है। अध्यक्ष श्री चावड़ा के मुताबिक प्रकरणों के त्वरित निराकरण से जहां लीज धारकों में संतुष्टि है, वही उन्हें दलालों से संपर्क करने या बार बार चक्कर काटने की जरुरत भी नहीं महसूस हो रही है. इससे प्राधिकरण की कार्य प्रणाली में भी बड़ा सुधार आ रहा है और अधिकारियों कर्मचारियों की काम टालने की प्रवृत्ति भी बदल गई, अब वे भी आवेदन मिलते ही उसके निराकरण की प्रक्रिया में जुट जाते है. सीईओ अहिरवार ने पिछले दिनों कुछ लापरवाह कर्मचारियों पर कार्यवाही की और वे खुद फाइलों को बुलवाकर प्रत्यक्ष में निराकरण करवाते है, उससे भी काफी फर्क पड़ा है।

# हाईटेक शेड में संचालित होगी हाट मैदान की दुकानें

## निगम अभियान चलाकर हटाएंगा अतिक्रमण

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

इन्दौर। **महापौर पुष्यमित्र भार्गव ने नगर निगम कमिश्नर हर्षिका सिंह के साथ बुधवार को कैबिनेट मंत्री कैलाश विजयवर्गीय के विधानसभा क्षेत्र में जिंसी हाट बाजार और रामगंज जिंसी क्षेत्र का निरीक्षण किया। इस दौरान महापौर भार्गव ने जिंसी हाट मैदान से अतिक्रमण हटाने और निर्मित शेड में आवंटित दुकानदारों को शिफ्ट करने के निर्देश दिये। निरीक्षण के दौरान महापौर परिषद् के सदस्य निरंजनसिंह चौहान गुड्डु, राकेश जैन, अश्विनी शुक्ला, पार्षद बरखा मालु, भावना मिश्रा, संध्या यादव के साथ ही अपर आयुक्त दिव्यांक सिंह, अभीलाष मिश्रा, प्रभारी अधीक्षण यंत्री महेश शर्मा, डी.आर. लोधी के साथ ही क्षेत्रीय जोनल अधिकारी भी उपस्थित थे।**

इन्दौर स्मार्ट सिटी प्रोजेक्ट के अंतर्गत जिंसी हाट मैदान पर दुकानदारों के लिए निर्मित किए गए हाईटेक शेड (हाट बाजार) का भी महापौर भार्गव ने अवलोकन किया। इस मौके पर भार्गव ने कहा कि हाईटेक शेड बनाकर जिंसी हाट बाजार का जिस उद्देश्य से निर्माण किया गया, उसका सदुपयोग उपयोग होना चाहिये। इसलिए हाट बाजार में आवंटित दुकानदारों को शिफ्ट करने की कार्यवाही तथा उनकी समस्याओं का समाधान किया जायेगा। महापौर ने जिंसी क्षेत्र को अतिक्रमण मुक्त करने के भी निर्देश मार्केट व रिमुव्हल विभाग को दिए।

**जिंसी मार्ग के चौड़ीकरण के भी दिए निर्देश** : जिंसी हाट मैदान के बाद मल्हारगंज रोड़ व जिंसी चौराहा होते हुए रामगंज क्षेत्र का भी निरीक्षण उन्होने किया। निरीक्षण के दौरान एम.जी. रोड़ से जिंसी चौराहा होते हुए किला मैदान तिराहा, महारानी लक्ष्मीबाई प्रतिमा तक सड़क चौड़ीकरण के भी संबंधित अधकारियों को निर्देश दिए। साथ ही रामगंज जिंसी क्षेत्र में रिक्त भूमि पर उद्यान निर्माण के साथ ही पाथ वे निर्माण करने व नाले किनारे रिटेनिंग वॉल निर्माण के संबंध में भी अधिकारियों को निर्देशित किया गया। महापौर व निगम कमिश्नर ने विधानसभा क्षेत्र क्र. 01 में ऑडिटोरियम व लायब्रेरी के लिये प्रस्तावित निर्माण स्थल का भी निरीक्षण किया गया। निरीक्षण स्थल उपयुक्त नहीं होने पर नये स्थल चयन के लिये विभागीय अधिकारियों को निर्देशित किया गया।

# मंत्रियों के विभागों का सभी को इंतजार

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

इंदौर। भाजपा का नया मंत्रिमंडल बनकर तैयार हो चुका है, लेकिन विभागों का अभी सबको इंतजार है। बताया जा रहा है कि जल्द ही मंत्रियों के विभागों का भी बंटवारा हो जाएगा। इसके बाद हर मंत्री के साथ संगठन भी एक पदाधिकारी की नियुक्ति करने जा रहा है। इसकी सूची भी संघ के साथ मिलकर तैयार की जा रही है। इसमें अखिल विद्यार्थी परिषद के अलावा कई अनुशांगिक संगठन के भी वरिष्ठ पदाधिकारियों को मौका मिलेगा। सूत्र बताते हैं कि मंत्रियों के साथ रहने वाले पदाधिकारियों की नियुक्ति जनवरी में हो जाएगी। जिन मंत्रियों के पास विभाग अधिक होंगे वहां दो लोगों की भी नियुक्ति की जा सकती है। बता दें कि 25 दिसंबर को 28 मंत्रियों ने शपथ ली थी। इस तरह से मुख्यमंत्री और दो उप मुख्यमंत्री मिलाकर 31 मंत्रियों का मंत्रिमंडल तैयार है। सूत्रों की मानें तो आलाकमान ने मंत्रियों के विभाग तय भी कर लिए है, बस घोषणा होना बाकी है। इस बार मंत्रिमंडल में भाजपा ने जातिगत समीकरण को अधिक तवज्जो दी है। पहले एक वर्ग से कई मंत्री होते थे, लेकिन इस बार एक वर्ग के अंदर आने वाले कई जातियों तक साधा गया है। उदाहरण के तौर पर सबसे अधिक ओबीसी वर्ग से 13 मंत्री बनाए गए हैं। अब लोकसभा को देखते हुए जातियों और क्षेत्र को ध्यान में रखकर ही मंत्रियों के विभाग का भी बंटवारा होगा। चार मंत्री का पद खाली है, इसे भी लोकसभा के बाद ही भरने की बात सामने आ रही है।

## कटाक्ष




© www.detectivegroupreport.com

◆ स्टेट प्रेस क्लब के संवाद कार्यक्रम में वरिष्ठ पत्रकार भाषासिंह का विचारोत्तेजक उद्बोधन ...

# सिर्फ अवधारणा बनाने का टूल बन गया है आज का कॉर्पोरेट मीडिया

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

इंदौर। **वर्तमान दौर में मीडिया खबरें देने और सत्ता से सवाल पूछने के अपने मूल काम से हटकर सिर्फ अवधारणा बनाने का शक्तिशाली टूल बन गया है। वह सत्ता से असहमति के स्वरों की अपराधी जैसी छबि बनाने के जुटा है। आज संसद विपक्ष विहीन, मीडिया खबर विहीन और लोकतंत्र का लोक अर्थात जनता अधिकार विहीन है।**

ये बातें वरिष्ठ पत्रकार एवं लेखिका सुश्री भाषा सिंह, नई दिल्ली ने स्टेट प्रेस क्लब, मध्यप्रदेश द्वारा चुनाव, जंग और मीडिया विषय पर आयोजित संवाद कार्यक्रम में मुख्य वक्ता बतौर कहीं। उन्होंने कहा कि आज का कॉर्पोरेट मीडिया खबर विहीन है लेकिन चलता चौबीसों घंटे है। आज का मीडिया सिर्फ सत्ता, पार्टी, विचारधारा और उनके कारोबारी सहयोगियों के हित में परसेप्शन गढ़ने का काम करता है। इसीलिए देश का ही हिस्सा होने के बाद भी तीन जून से सुलग रहे मणिपुर एक भी मीडिया हॉउस अपना संवाददाता नहीं भेजता, लेकिन इजाइल के युद्ध के कवरेज के लिए अपने पत्रकार भेजे जाते हैं। इस युद्ध में इजराइल के पक्ष में एकतरफा कवरेज कर मीडिया ने वॉर क्राइम किया है। यदि अल-जजीरा के या कुछ अन्य अपनी जान पर खेलकर नहीं बल्कि जान गंवाकर सच्ची रिपोर्टिंग करने वाले पत्रकार नहीं होते तो दुनिया नहीं जान पाती कि फिलिस्तीन के हजारों बच्चे इस युद्ध में किस दर्दनाक तरीके से मरे गए हैं।

कार्यक्रम के दूसरे चरण में अभिनेत्री श्रीमती फ्लोरा बोस ने अमन के पक्ष में कविताएं सुनाईं, जिनमें उनके हाल ही में दिवंगत पतिदेव सुप्रसिद्ध कवि शांतिवीर कौल की कविता तू है अमीरों का कारवां... दर्शकों के दिलों दिमाग पर छा गई।

भारतीय जन नाट्य संघ, भारतीय महिला फेडरेशन, प्रगतिशील लेखक संघ और मेहनतकश की सहभागिता से आयोजित स्टेट प्रेस क्लब, मध्यप्रदेश के इस आयोजन के प्रारम्भ में क्लब के अध्यक्ष प्रवीण कुमार खारीवाल, पूर्व कुलपति डॉ. मानसिंह परमार, नवनीत शुक्ला, विजय दलाल, रचना जौहरी इत्यादि ने अतिथियों का स्वागत किया। संवाद का प्रभावी संचालन बहुविध संस्कृतिकर्मी एवं पत्रकार आलोक बाजपेयी ने किया। विषय प्रवर्तन एवं अतिथि परिचय विनीत तिवारी ने दिया। अंत में अतिथियों स्मृति चिन्ह एवं स्टेट प्रेस क्लब, मध्यप्रदेश द्वारा प्रकाशित गांधी साहित्य प्रवीण कुमार खारीवाल, सोनाली यादव, अमिता नीरव, मीणा राणा शाह ने भेंट किया।

# रणजीत अष्टमी पर निकलने वाली प्रभातफेरी मार्ग का निरीक्षण

## डीजे रहेगा प्रतिबंधित, भजन मंडलियां और भक्त होंगे शामिल, महापौर और विधायक ने दिए कई निर्देश

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

इंदौर। प्राचीन रणजीत हनुमान मंदिर में चार दिनी रणजीत अष्टमी उत्सव 1 जनवरी से शुरू होगा। 4 जनवरी को रणजीत अष्टमी पर सुबह 5 बजे परंपरागत प्रभातफेरी निकाली जाएगी। प्रभातफेरी में डीजे प्रतिबंधित रहेगा। भजन मंडलियां और लाखों श्रद्धालु शामिल होंगे। मंदिर के पुजारी पं. दीपेश व्यास ने बताया कि उत्सव के लिए तैयारियां शुरू हो गई हैं। यात्रा मार्ग पर भक्तों ने केसरिया पताकाएं लगाना शुरू कर दिया है। पूरे यात्रा मार्ग पर केसरिया पताकाएं और ध्वज लगाए जा रहे हैं। जनवरी में अयोध्या के राम मंदिर में मूर्ति प्राण-प्रतिष्ठा होगी। ऐसे में इस बार का पूरा उत्सव भगवान राम को समर्पित रहेगा। प्रभातफेरी में अयोध्या के राम मंदिर का 40 फीट लंबा मॉडल खासतौर पर शामिल होगा। इसकी प्रतिकृति बनना शुरू हो गई है। इसके साथ ही राम-नाम लिखी 11 हजार ध्वजाएं यात्रा में शामिल रहेंगी। महोत्सव के दौरान 1 जनवरी को ध्वजा पूजन, 2 को दीपोत्सव मनेगा। 3 जनवरी को रणजीत हनुमानजी का अभिषेक-पूजन कर 11 हजार रक्षासूत्रों को सिद्ध किया जाएगा। ये रक्षासूत्र भक्तों को वितरित किए जाएंगे। मंदिर के पुजारी पं. दीपेश व्यास ने बताया कि 4 जनवरी को रणजीत हनुमान मंदिर में रणजीत अष्टमी मनाई जाएगी। उस दौरान सुबह प्रभातफेरी निकलेगी। रणजीत बाबा का श्रृंगार कर महाआरती की जाएगी। विभिन्न प्रकार का नैवेद्य लगाया जाएगा।

### प्रभातफेरी मार्ग का निरीक्षण

रणजीत हनुमान मंदिर से रणजीत अष्टमी पर निकलने वाली प्रभातफेरी के लिए गुरुवार को जनप्रतिनिधियों ने यात्रा मार्ग का निरीक्षण किया। व्यवस्थाओं को देखने के लिए महापौर पुष्यमित्र भार्गव एवं विधायक मालिनी लक्ष्मण सिंह गौड़ ने अधिकारियों के साथ दौरा किया और आवश्यक निर्देश दिए। इस मौके पर मंदिर के मुख्य पुजारी पं. दीपेश व्यास और भक्त मंडल के सदस्य मौजूद थे। गुरुवार को एडीएम राय, एसडीएम परमार ने पुलिस विभाग, नगर-निगम, एमपीईबी, स्वास्थ्य विभाग के साथ मंदिर परिसर में बैठक कर आवश्यक निर्देश जारी किए।

# गैस सिलेंडरों की काला बाजारी, रिफिलिंग पर सख्ती

## ◆अलग-अलग कार्रवाई में 41 सिलेंडर जब्त, जारी रहेगा अभियान

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर। शहर में गैस सिलेंडरों के अवैध रूप से स्टोरेज, काला बाजारी रिफिलिंग करने वालों के खिलाफ जिला प्रशासन ने सख्ती शुरू की है। गुरुवार को खाद्य विभाग ने अलग-अलग स्थानों पर कार्रवाई करते हुए 41 सिलेंडर जब्त किए।**

मामले में अपर कलेक्टर गौरव बैनल ने छापामार कार्रवाई के लिए टीमें बनाई हैं। आज इस अभियान में रावजी बाजार व कुमावतपुरा में तीन टीमों द्वारा सागर जनरल स्टोर, शंकर किराना एवं साहू आटा चक्की पर छापा मारा गया। इसमें सागर जनरल स्टोर से 2 घरेलू गैस सिलेंडर, शंकर किराना स्टोर व साहू आटा चक्की से 9-9 घरेलू गैस सिलेंडर जब्त किए गए जो अनाधिकृत रूप से रखे थे। इन सभी स्थानों पर घरेलू सिलेंडरों को कम दाम पर खरीद कर मुनाफे में अधिक दामों पर बेचा जा रहा था।

ऐसी ही एक टीम ने मोती तबेला मुख्य मार्ग पर भी जांच की गई। यहां रहमतउल्ला पिता अब्दुल खालिद के घर से 6 घरेलू गैस सिलेंडर जब्ती के साथ केस बनाया गया। इसी कड़ी में चितावद पेट्रोल पम्प के पास मधुरम रेस्टोरेंट के पास साबिर गैस चूल्हा रिपेयरिंग की जांच की गई। यहां से 15 घरेलू सिलेंडर जब्त किए गए। सभी संबंधितों पर आवश्यक वस्तु अधिनियम अंतर्गत धारा 3,7 में कार्रवाई की जा रही है।

### तो इन नंबरों पर सूचना दें

जिला प्रशासन ने लोगों से अपील की है कि कोई व्यक्ति गैस सिलेंडर का अवैध रूप से भंडारण, बिक्री या गैस रिफिलिंग करता है तो उसकी सूचना खाद्य विभाग के कार्यालय में, सीएम हेल्पलाइन 181 पर शिकायत की जा सकती है। इस तरह की सूचना मोबाइल नंबर 9009512393, 9827064852 पर भी दी जा सकती है। शिकायतकर्ता का नाम गोपनीय रखा जाएगा।

#### उत्तर प्रदेश के कांग्रेस समन्वयक अभय दुबे ने कहा -

# राहुल गांधी चाहते है अब युवाओं को मौका मिले

**इंदौर। लोकसभा चुनाव के मद्देनजर अखिल भारतीय प्रदेश कमेटी ने देश के अलग-अलग राज्यों में कम्यूनिकेश कार्डिनेटर नियुक्त किए है। उत्तर प्रदेश की जिम्मेदारी इंदौर निवासी अभय दुबे को दी गई है।उन्होंने कहा कि राहुल गांधी चाहते है कि युवाओं को मौका मिले। कुछ राज्यों में युवाओं को नियुक्तियां देकर उन्होंने इस बात का संदेश दिया है।**




दुबे ने बताया कि लोकसभा चुनाव तक देशभर के मुद्दे उत्तरप्रदेश पर केंद्रीय विषयों के साथ उठाएंगे। देश का सबसे बड़े प्रदेश की दुरावस्था भाजपा के राज में हुई है। हमारी कोशिश होगी कि सामाजिक आर्थिक मामले में जो नुकसान प्रदेश में भाजपा सरकार ने पहुंचाया है, उसे भी रेखांकित करेंगे।अयोध्या में बन रहे राममंदिर को लेकर दुबे ने कहा कि भगवान राम का आशीर्वाद पूरे देश पर है।राम राज की अवधारणा यह है कि जिस राजा के राज में जनता को दुख भोगना पड़े,उस राजा की सत्ता नहीं रहना चाहिए।यही पक्ष हमारा भी है। भगवान राम देख रहे है किस प्रकार भाजपा की केंद्र सरकार ने राम के नाम पर राजनीति की है और सत्ता हासिल करने के लिए धर्म का दुरुपयोग किया है।कांग्रेस द्वारा निकाली जा रही न्याय यात्रा के बारे में उन्होंने बताया कि मणीपुर से मुंबई तक निकलने वाली न्याय यात्रा में 14 राज्य और 85 जिले जुड़ेंगे। देश के लोगों के साथ जो राजनीतिक, सामाजिक, आर्थिक अन्याय हुआ है। उसे देश के सामने इस यात्रा के माध्यम से दर्शाया जाएगा।इस यात्रा का उद्देश्य राजनीतिक नहीं सामाजिक है। कांग्रेस भी इस यात्रा को इसी दृष्टिकोण से देख रही है। मध्य प्रदेश में युवा चेहरों को जिम्मेदारी देने के सवाल पर दुबे ने कहा कि मध्य प्रदेश में इसके सकारात्मक परिणाम आएंगे। उत्तर प्रदेश में कांग्रेस ने प्रभारी नेता को प्रदेशाध्यक्ष बनाया है। पंजाब में राजा बरार को जिम्मेदारी देकर राहुल गांधी ने संकेत दिया है कि कांग्रेस अब युवाओं को मौका देगी।

# एयरपोर्ट पर कतार में इंतजार नहीं करना पड़ेगा

## चेहरे की पहचान से मिलेगा प्रवेश

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

इंदौर। देवी अहिल्याबाई होलकर अंतरराष्ट्रीय एयरपोर्ट पर यात्रियों को बेहतर सुविधा देने के लिए नए साल में नई सौगात मिलने जा रही है। एयरपोर्ट पर यात्रियों के प्रवेश को आसान बनाने के लिए डिजी यात्रा एप की सुविधा शुरू की जा रही है। एयरपोर्ट सलाहकार समिति के अध्यक्ष सांसद शंकर लालवानी ने बताया की यह सुविधा नए साल में शुरू हो जाएगी। इसके अंतर्गत एक डेडिकेटेड गेट होगा। यहां कैमरा लगा रहेगा और यात्रियों का चेहरा स्कैन करके उन्हें अंदर आने की अनुमति देगा। इससे यात्रियों के समय की बचत होगी। सांसद शंकर लालवानी ने बताया कि इंदौर एयरपोर्ट अब प्रॉफिट में आ गया है। कोरोना के बाद पहली बार इंदौर एयरपोर्ट को मुनाफा हुआ है। वर्ष 2022-23 में 83 करोड़ रुपए का खर्च हुआ और कुल आमदनी 102 करोड़ रुपए से ज्यादा है। यानी एयरपोर्ट को करीब 19 करोड़ रुपए का फायदा हुआ है। जिस हिसाब से इंदौर एयरपोर्ट पर यात्रियों की संख्या बढ़ रही है उसी हिसाब से उनको मिलने वाली सुविधा भी बढ़नी चाहिए। क्योंकि एयरपोर्ट पर सबसे ज्यादा समस्या यात्रियों को एंट्री के समय होती है। पीक टाइम में एक ही एंट्री गेट होने से यात्रियों को एयरपोर्ट में प्रवेश करने पर काफी समय लगता है। इसलिए एक और गेट एंट्री के लिए खोलने पर सहमति बनी है। डिजी यात्रा शुरू हो जाने से घरेलू उड़ानों में सफर करने वाले यात्रियों को कतार में लगने की आवश्यकता नहीं होगी। यात्रियों को चेहरे की पहचान के आधार पर प्रवेश मिलेगा। इसके लिए यात्रियों को डिजी यात्रा एप पर आधार आधारित सत्यापन कर एक सेल्फी अपलोड करते हुए अपना विवरण दर्ज करना होगा। इसके बाद यात्री सिक्योरिटी क्लीयरेंस कर विमान में सवार हो सकेंगे।

# कोरोना को लेकर प्रशासन अलर्ट

## विदेश से आने वाले दो प्रतिशत यात्रियों की एयरपोर्ट पर जांच शुरू

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर। देशभर में कोरोना के बढ़ते मामलों के बीच इंदौर भी अब अलर्ट मोड़ पर आ गया है। शहर में विदेशों से आने वाले दो प्रतिशत यात्रियों की एयरपोर्ट पर ही कोरोना जांच की जा रही है, ताकि शहर में अन्य लोगों को यह संक्रमण न फैले। हालांकि विदेश यात्रा से आया एक यात्री ही अब तक कोरोना संक्रमित पाया गया था, जो अब स्वस्थ है।**

स्वास्थ्य विभाग ने कोरोना के लिए हाल ही में माकड्रिल भी की। इसमें पाया गया कि शहर में अभी 5800 बेड की उपलब्धता निजी और शासकीय अस्पतालों में है, जिसे जरूरत पड़ने पर बढ़ाकर 10 से 12 हजार कर सकते हैं। वहीं ग्रामीण और शहरी क्षेत्र में कुल 12 स्थानों पर कोरोना की सैंपलिंग की जा रही है, जिससे लोगों को दूर न आना पड़े। बात करें आक्सीजन प्लांट की तो अभी 36 प्लांट चालू है। वहीं 12 भी जल्द शुरू हो जाएंगे। लोगों को अपने-अपने क्षेत्रों में ही इलाज की सुविधाएं मिले, इसके लिए 55 फीवर ओपीडी सेंटर भी संचालित किए जा रहे हैं।

### ओपीडी में बढ़ी सर्दी-खांसी के मरीजों की संख्या

एमवाय अस्पताल सहित अन्य अस्पतालों में सर्दी का मौसम आते ही सर्दी-खांसी के मरीजों की संख्या बढ़ गई है। आम दिनों के मुकाबले 20 प्रतिशत तक इन मरीजों की संख्या की बढ़ी है। इन मरीजों में बच्चों से लेकर बुजुर्ग तक शामिल हैं। वहीं अभी तक मास्क लगाने या कोरोना की कोई भी गाइडलाइन के पालन करने का आदेश जारी नहीं हुआ है।

# ट्रांसजेंडर को लेकर कार्यशाला का आयोजन

## पुलिस अधिकारी हुए ट्रांस समुदाय के अधिकारों एवं उनके हितों से संबंधित प्रावधानों से रूबरू

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर।** समाज में ट्रांसजेंडर समुदाय के लोगों के अधिकारो व उनकी सुरक्षा एवं उनके हितों को ध्यान रखते हुए, उनके लिये बनाए गए ट्रांसजेंडर पर्सन प्रोटेक्शन ऑफ राइट्स एक्ट-2019 के संबंध में जागरूकता लाने के उद्देश्य से, पुलिस आयुक्त इंदौर नगरीय मकरंद देउस्कर के निर्देशन मे नगरीय इंदौर के पुलिस अधिकारियों के लिये ट्रांस समुदाय के संबंध में संवेदनशीलता एवं जागरूकता कार्यशाला का आयोजन, आज दिनांक 28-12-23 को पलासिया चौराहा स्थित पुलिस आयुक्त कार्यालय सभागृह मे तपिश फाउंडेशन के सौजन्य से किया गया। उक्त कार्यशाला में अति पुलिस आयुक्त (मुख्यालय/अपराध) इंदौर नगरीय, मनोज कुमार श्रीवास्तव के मुख्य अतिथ्य मे अति पुलिस उपायुक्त (मुख्यालय) श्रीमती सीमा अलावा, तपिश फाउंडेशन की ओर से दिल्ली से आये रिसोर्स पर्सन गौतम रामचंद्र, श्रीमती संध्या घावरी, चन्द्रन, इवान जैन, आशीष गोयल, सहायक पुलिस आयुक्त (अजाक) श्रीमती सोनू डाबर, अजाक थाना प्रभारी श्रीमती रंजना गोखले, शहर के विभिन्न थानो के थाना प्रभारी व उप निरीक्षक सहित अन्य पुलिस अधिकारी/कर्मचारी उपस्थित रहें।

कार्यक्रम के दौरान उपस्थित अधिकारियों ने, तपिश फाउंडेशन-जो कि ट्रांस जेंडर समुदाय के हितो के लिए कार्य करता है तथा उनके अधिकारो को संरक्षित करता है के साथ ट्रांस व्यक्ति के अधिकारों तथा उनकी सुरक्षा व हितों के बारे मे विस्तृत रूप से चर्चा की। इस दौरान ट्रांसजेंडर व्यक्ति (अधिकारों का संरक्षण) अधिनियम-2019 के विभिन्न प्रावधानों व ध्यान में रखने वाली बातों के संबंध में भी जानकारी का आदान प्रदान किया गया। तपिश फाउंडेशन द्वारा ट्रांस समुदाय को वर्तमान में होने वाली विभिन्न समस्याओ व कठिनाईयों से रुबरु करवाया गया।

# पूर्व सीएम शिवराज ने लगाया जनता दरबार

## महिला बोली-बुधनी में रेत माफिया मचा रहे आतंक, लाड़ली बहना की राशि नहीं मिलती

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**भोपाल। मध्यप्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने इस्तीफा देने के बाद पहली बार गुरुवार को जनता दरबार लगाया। शिवराज के नए आवास पर आयोजित इस दरबार में एक महिला बुधनी में रेत माफिया और एसडीएम के दुर्व्यवहार की शिकायत लेकर पहुंची। एक अन्य महिला ने लाड़ली बहना की राशि नहीं मिलने की भी शिकायत की।**

शिवराज सिंह चौहान एक दिन पहले बुधवार को ही नए आवास बी-8, 74 बंगले पर शिफ्ट हुए हैं। उन्होंने कहा था कि वे रोजाना सुबह 11 बजे से दोपहर 12:30 बजे तक बंगले पर आम लोगों से मुलाकात करेंगे। गुरुवार को पहले दिन जनता दरबार में 300 से ज्यादा लोग पहुंचे। इनमें बीजेपी कार्यकर्ता और स्कूली बच्चे शामिल थे।

### खेत के बीच से डंपर निकाल रहे माफिया

जनता दरबार में शिवराज के पैतृक ग्राम जैत से महज दो किलोमीटर दूर नारायणपुर से महिला किसान रामेती बाई भी पहुंची। रामेती ने बताया, ह्यगांव में रेत माफिया की मनमानी चल रही है। वे हमारी जमीनों से डंपर निकालते हैं। खेत तो खराब हो ही रहा है, धूल के कारण आसपास की फसलों को भी नुकसान पहुंच रहा है। रामेती बाई ने कहा कि घाट पर जाने के लिए अलग रास्ता है, लेकिन रेत माफिया 10 किलोमीटर का फेर बचाने के लिए खेतों को खराब कर रहे हैं।

अभिलेष पटेल ने कहा,



ह्यप्रशासनिक अधिकारी रेत माफिया की मदद करते हैं। वे किसानों को धमकी देते हैं कि अगर काम में बाधा डाली तो अच्छा नहीं होगा। रामेती के अलावा 7 से 8 किसान और हैं, जिनके खेतों में से रेत माफिया डंपर निकालते हैं।

### शिकायत करने पर एसडीएम ने किया दुर्व्यवहार

रामेती बाई ने बताया, ह्यइसकी शिकायत बुधनी एसडीएम राधेश्याम बघेल से भी की। उन्होंने सोमवार को खेत पर आकर देखने की बात कही, लेकिन वे नहीं पहुंचे। अगले दिन जब हम दोबारा गए तो एसडीएम ने दुर्व्यवहार किया। उन्होंने कहा- मैं रेत वगैरह के काम में नहीं जाऊंगा। किसानों ने पुलिस द्वारा परेशान करने की भी बात कही। एसडीएम के दुर्व्यवहार का वीडियो भी पूर्व सीएम को दिखाया।

### स्कूली बच्चों को बताए सफलता पाने के सूत्र

जनता दरबार में शिवराज ने स्कूली बच्चों से मुलाकात कर आशीर्वाद भी दिया। पूर्व सीएम ने बच्चों को सफलता पाने के सूत्र बताए। कहा- आप सभी को कड़ी मेहनत करनी होगी। जो मेहनत करता है, वह लक्ष्य को प्राप्त कर ही लेता है। जिंदगी में सफलता के लिए सबसे पहली जरूरी चीज है कि हम टारगेट तय करें और मेहनत करके उसे पाएं।

### लाड़ली बहना की राशि नहीं मिलने की शिकायत

भोपाल में बीजेपी कार्यालय के पास रहने वाली पद्मा बाई ने शिवराज से कहा, फॉर्म भरने के बाद भी लाड़ली बहना योजना की राशि नहीं मिली। अधिकारियों ने आधार कार्ड में गड़बड़ी कर मेरी उम्र को 60 वर्ष कर दिया।जब इस बारे में बताया तो किसी ने संज्ञान नहीं लिया। इस पर शिवराज ने कहा कि अधिकारियों को सूचित कर दिया गया है। समस्या का जल्द निराकरण किया जाएगा।

# कुबेरेश्वरधाम पहुंचे मंत्री लखन पटेल, आशीर्वाद लिया

## पूजा-अर्चना कर प्रदेश की खुशहाली की कामना की

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**सीहोर।** जिला मुख्यालय के पास गुरुवार को चितावलिया हेमा स्थित निर्माणाधीन मुरली मनोहर और कुबेरेश्वर महादेव मंदिर में पहुंचकर मप्र सरकार में नए राज्यमंत्री स्वतंत्र प्रभार लखन पटेल ने आशीर्वाद लिया और प्रदेश वासियों की सुख-समृद्धि की कामना की। कुबेरेश्वर धाम मंदिर काफी प्रचलित है। दूर-दूर से लोग यहां बाबा के शरण में पहुंचते हैं और कामना करते है। ऐसे में मंत्री पटेल धाम पर पहुंचे, उन्होंने यहां पूजा-अर्चना कर प्रदेश की खुशहाली की कामना की। गौरतलब है कि मप्र के नवागत राज्यमंत्री पटेल अपने क्षेत्र वासियों के साथ पहुंचे थे। इस मौके पर विठलेश सेवा समिति की ओर से पंडित विनय मिश्रा, आशीष वर्मा और मनोज दीक्षित मामा सहित अन्य ने पटेल का सम्मान किया। धाम पर व्यास पीठ के दर्शन करने के बाद पटेल ने कहा कि हम दिव्य दर्शनों का लाभ ले रहे हैं। बाबा के चरणों में पहुंचना और उनकी सेवा का लाभ लेना। यह सब उनकी कृपा से ही संभव है। हम सब बाबा से मांगने आते हैं, मैं चाहता हूं कि मध्य प्रदेश देश के सर्वोच्च राज्यों में उच्च कोटि का राज्य बने। इस मौके पर राज्यमंत्री पटेल ने मंदिर स्थित आधुनिक रसोई घर सहित आगामी दिनों में होने वाली भव्य कथा स्थल का निरीक्षण करते हुए कहा कि पंडित प्रदीप मिश्रा ने धर्म को जन-जन से जोड़ा है। हर शिवालय और मंदिरों में उनकी प्रेरणा से धार्मिक कार्यक्रमों का आयोजन किया जा रहा है।

# महाकाल लोक घूमने न्यू ईयर पर लगेगी अलग लाइन

## पचमढ़ी में टेंट सिटी, थर्टी फस्ट की नाइट मांडू में गाला डिनर, हनुवंतिया में गणगौर नृत्य

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

उज्जैन। न्यू ईयर का काउंटडाउन शुरू हो गया है। 2024 का वेलकम करने के लिए मध्यप्रदेश के टूरिस्ट प्लेस में आपके लिए बहुत कुछ खास है। पचमढ़ी में पहली बार जंगल में नाइट स्टे के लिए टेंट सिटी बनाई गई है। हनुवंतिया में थर्टी फस्ट की नाइट रॉक बैंड को बुलाया गया है। गणगौर नृत्य की परफॉर्मेंस भी होगी। मांडू में 3123 की नाइट पहली बार गाला डिनर होने जा रहा है। जी-20 समिट के दौरान राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने जी-20 राष्ट्राध्यक्षों को गाला डिनर पर आमंत्रित किया था। गाला डिनर उसे कहते हैं, जिसमें बड़ी संख्या में मेहमानों को पार्टी दी जाए। जबकि, गाला नाइट में डिनर के साथ डांस और एंटरटेनमेंट का भी इंतजाम होता है।

उधर, धर्म नगरी उज्जैन में यह



पहली बार होगा, जब महाकाल लोक घूमने वालों के लिए अलग लाइन लगेगी। ऐसे भक्त, जिन्हें सिर्फ महाकाल लोक में जाना है, वे चार धाम मंदिर से अलग लाइन में लगकर पिनाकी गेट से महाकाल लोक में प्रवेश कर सकेंगे। इसी गेट से बाहर आ सकेंगे। 31 दिसंबर से 1 जनवरी तक महाकाल मंदिर में 12 लाख से अधिक श्रद्धालुओं के आने की संभावना है। ऐसे में 29 दिसंबर से 1 जनवरी तक व्यवस्था बदल जाएगी।

मंदिर प्रशासक संदीप सोनी ने बताया कि श्रद्धालुओं को चारधाम से प्रवेश मिलेगा। शक्तिपथ होते हुए महाकाल लोक में प्रवेश कर सकेंगे। फैसिलिटी सेंटर और फिर टनल होते हुए गणेश मंडपम से दर्शन कर निर्माल्य द्वारा से बाहर होंगे। गणेश मंदिर और फिर हरसिद्धि मंदिर से वापस चारधाम मंदिर पहुंचेंगे।

उज्जैन कलेक्टर कुमार पुरुषोत्तम ने बताया कि श्रद्धालुओं के लिए जूते स्टैंड, पानी, पार्किंग, शेल्टर की व्यवस्था की जाएगी। भजन मंडली के भी इंतजाम किए जाएंगे। साइन बोर्ड लगाए जाएंगे। त्रिवेणी संग्रहालय और मंदिर परिसर में मेडिकल कैम्प की व्यवस्था कर रहे हैं। भक्तों को महाकाल मंदिर दर्शन के लिए करीब 1 किलोमीटर पैदल चलना पड़ेगा। बैरिकेड से महाकाल लोक होते हुए महाकाल मंदिर में एंट्री दी जाएगी। वीआईपी बेगमबाग से प्रवेश कर यहीं बनी पार्किंग में गाड़ी पार्क कर सकेंगे। निर्माल्य गेट से इन्हें एंट्री मिलेगी। 1 जनवरी को शीघ्र दर्शन व्यवस्था बंद रहेगी। दरअसल, 250 रुपए देकर शीघ्र दर्शन करने वाले श्रद्धालु एक दिन यह व्यवस्था का उपयोग नहीं कर पाएंगे।

# भोपाल बीआरटीएस कॉरिडोर को हटाने के लिए मंथन शुरू, बस स्टॉप भी हटेंगे

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**भोपाल।** भोपाल में 24 किमी लंबा बीआरटीएस कॉरिडोर। 6 महीने, 30 हादसे और 12 मौतें। पीक ऑवर्स में जाम की तस्वीरें भी। इन्हीं वजहों से 13 साल पहले 2009-10 में 360 करोड़ रुपए खर्च कर बिछाए गए बीआरटीएस (बस रेड ट्रांजिट सिस्टम) को लेकर सवाल खड़े होते रहे हैं। आखिरकार इसे हटाने की सहमति बन गई है। सीएम डॉ. मोहन यादव ने मुख्य सचिव वीरा राणा से 3 दिन में रिपोर्ट मांगी है। इसे तैयार करने में जिला प्रशासन और नगर निगम के अफसर जुट गए हैं। बुधवार को पूरे दिन रिपोर्ट तैयार होती रही। गुरुवार को भी यह दौर जारी है।

कॉरिडोर को लेकर नगर निगम कमिश्नर फ्रैंक नोबल ए. ने इंजीनियरों के साथ मीटिंग भी की। वे 2 दिन में रिपोर्ट मुख्य सचिव राणा को सौंपेंगे। निगम कमिश्नर नोबल ने बताया कि कॉरिडोर को फेस वाइज हटाएंगे। इसलिए इसमें आने वाले खर्च को भी रिपोर्ट में शामिल कर रहे हैं। कॉरिडोर का कितना हिस्सा कब और कहां से हटेगा, इस पर भी चर्चा की गई है।

### जहां-जहां एलिवेटेड, वहां से हट रहा बीआरटीएस

एक्सपर्ट की मानें तो जिन शहरों में बीआरटीएस है और वहां एलिवेटेड मंजूर है, वहां से बीआरटीएस कॉरिडोर हटाए गए हैं। बैरागढ़ में पहले से ही एलिवेटेड मंजूर है, जबकि होशंगाबाद रोड पर भी प्लान तैयार है। यह कारण भी कॉरिडोर को हटाने के लिए प्रमुख तौर पर बताया जा रहा है।

**हर 50-100 मीटर में एक बस स्टॉप-** 24 किलोमीटर के रूट में 4 किमी डेडिकेटेड लेन पहले ही हट चुकी है। अब बाकी हिस्से को भी हटाने की कवायद होगी। कॉरिडोर में लगभग हर 50-100 मीटर की दूरी पर एक बस स्टॉप बना है। कॉरिडोर के साथ इन्हें भी हटाया जाएगा। बैरागढ़, लालघाटी, कमला पार्क से रोशनपुरा और होशंगाबाद रोड के वीर सावरकर ब्रिज के पास से मिसरोद तक कॉरिडोर है।

**मंत्री-विधायकों ने उठाई मांग, सीएम ने दिए निर्देश-** मंगलवार को मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव की मौजूदगी में जब कॉरिडोर पर चर्चा शुरू हुई तो दो मंत्री विश्वास सारंग और कृष्णा गौर, विधायक रामेश्वर शर्मा और भगवानदास सबनानी, महापौर मालती राय ने इसे हटाने की बात कह दी। इसके बाद सीएम ने मुख्य सचिव को रिपोर्ट देने को कहा। मीटिंग के बाद से ही कलेक्टर, निगम कमिश्नर समेत विभागीय अधिकारी प्लान तैयार करने में जुट गए। बुधवार को इसी पर काम होता रहा। निगम कमिश्नर नोबल ने इंजीनियरों के साथ मीटिंग भी की।

# तेज रफ्तार कार की टक्कर से दंपति की मौत

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**शिवपुरी।** दिनारा थाना क्षेत्र के पिछोर मार्ग पर गुरुवार को तेज रफ्तार कार ने बाइक को टक्कर मार दी। टक्कर लगने से बाइक सवार दंपति कार के सामने जा गिरे। अनियंत्रित कार ने दोनों को रौंद दिया, जिससे उनकी मौके पर ही मौत हो गई। कार ड्राइवर को भी गंभीर चोट आई है। उसका इलाज ग्वालियर के अस्पताल में चल रहा है। दरअसल, डामरौन सलैया गांव के रहने वाले 45 वर्षीय मनीराम केवट पत्नी अनीता केवट के साथ बाइक पर से एक कार्यक्रम में जा रहे थे। डामरौन पावर हाउस के मोड़ पर तेज रफ्तार कार से बाइक की टक्कर हो गई। टक्कर लगने से बाइक पलट गई और कार के सामने गिर गई। कार के रफ्तार तेज होने के कारण वह बाइक सवार दंपति को रौंदते हुए पलट गई। इससे दंपति की मौके पर ही मौत हो गई। वहीं, ड्राइवर भी गंभीर रूप से घायल हो गया। लोगों ने ड्राइवर को ग्वालियर के अस्पताल में भर्ती कराया। दिनारा थाने में मामला दर्ज किया गया है। पुलिस ने कार को जब्त कर लिया है और दंपति के शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

Uttarpradesh

# रामायण के 7 कांड, हनुमान वॉल, तीन मंजिला राम दरबार... नागर शैली वाले अयोध्या एयरपोर्ट में दिखेगी त्रेता युग की झलक

**अयोध्या, (एजेंसी)** रामलला की प्राण प्रतिष्ठा की तैयारियां अपने अंतिम चरण में हैं. 22 जनवरी 2024 को होने वाले समारोह के लिए पूरी अयोध्या को दुल्हन की तरह सजाया-संवारा जा रहा है. इससे पहले प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी 30 दिसंबर को अयोध्या आ रहे हैं. वह यहां करीब 6000 करोड़ रुपए की विकास परियोजनाओं की सौगात देंगे. इसमें सबसे खास होगा अयोध्या का महर्षि वाल्मीकि अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डा. पीएम मोदी इस दिन अयोध्या धाम रेलवे स्टेशन के साथ ही यहां के एयरपोर्ट का भी लोकार्पण करेंगे.

अयोध्या एयरपोर्ट की बात करें तो इसका आर्किटेक्चर और डिजाइन बेहद खास है. इस एयरपोर्ट की बनावट की थीम श्रीराम के जीवन से प्रेरित है. इस बात का पूरा ध्यान रखा गया है कि इस एयरपोर्ट में रामकथा की



झलक मिले. अयोध्या एयरपोर्ट 8000 स्क्वायर मीटर में बना है. इसके निर्माण में दो साल का वक्त और 250 करोड़ रुपए की लागत आई है. एयरपोर्ट का डिजाइन 'नागर शैली' से प्रेरित है, जिसे आर्किटेक्ट विपुल वार्ष्णेय और अनुज वार्ष्णेय ने अमलीजामा पहनाया है.

इनकी टीम ने तीन साल पहले अयोध्या एयरपोर्ट के डिजाइन की जिम्मेदारी सम्भाली थी. आर्किटेक्ट विपुल वार्ष्णेय बताती हैं, 'राम मंदिर का निर्माण नागर शैली में हो रहा है।. इसी से प्रेरित होकर एयरपोर्ट का डिजाइन तैयार किया गया है. एयरपोर्ट के 7 शिखर नागर शैली से प्रेरित हैं. बीच में मुख्य शिखर, आगे 3 और पीछे 3 शिखर हैं.' बता दें कि नागर शैली उत्तर भारतीय हिन्दू स्थापत्य कला की तीन में से एक शैली है. इस शैली में मंदिरों का निर्माण होता है. अयोध्या में राम मंदिर का निर्माण भी इसी शैली में हो रहा है.

अयोध्या एयरपोर्ट में हर जगह भगवान राम का प्रतिबिंब दिखाने की कोशिश की गयी है.

Gujrat

## सेक्स चैट में फंस गया सॉफ्टवेयर कंपनी का 'खड़ूस बॉस' और भेज दीं अपनी न्यूड तस्वीरें

**वडोदरा, (एजेंसी)** गुजरात में एक 'खड़ूस बॉस' की वजह से नौकरी छोड़ने को मजबूर हुए दो कर्मचारियों ने उसकी जिंदगी खराब करने का पूरा इंतजाम कर दिया। हनीट्रैप में फंसाकर तीन महीने तक उसकी नींद उड़ा दी। न्यूड तस्वीरें ऑफिस और उसकी पत्नी समेत कई लोगों को भेज दीं। दुखी होकर पीड़ित ने पुलिस से शिकायत की तो पूरा मामला सामने आया। पूरी कहानी बेहद चौंकाने वाली है।

जिस बॉस (सुनील- बदला हुआ नाम) से कर्मचारी दुखी थे वह एक सॉफ्टवेयर कंपनी के प्रमोटर हैं। सुनील से परेशान होकर नौकरी छोड़ने वालों में एक महिला कर्मचारी है और एक पुरुष। तीन महीने पहले पूजा और समीर (दोनों बदला हुआ नाम) ने सुनील से बदला लेने के लिए हाथ मिलाया। उन्होंने पुराने बॉस को हनीट्रैप में फंसाकर परेशान करने की योजना बनाई। तीन महीने तक सुनील बेहद परेशान रहे और अंत में दुखी होकर करीब 10 दिन पहले साइबर क्राइम पुलिस से शिकायत की। पुलिस ने आईपी एड्रेस की मदद से पूजा और समीर का पता लगा लिया।

Uttarakhand

## उत्तराखंड कर विभाग ने 12 फर्मों के 16 प्रतिष्ठानों पर मारा छापा, पकड़ी 12 करोड़ की जीएसटी चोरी

**देहरादून, (एजेंसी)** उत्तराखंड में जीएसटी चोरी को लेकर राज्य कर विभाग ने बड़ी कार्रवाई की है। कर विभाग की टीम ने बिटुमिन तथा फ्यूल ऑयल का व्यवसाय कर रही 12 फर्मों के 16 व्यापारिक प्रतिष्ठानों पर छापा मारा। जांच में पाया गया कि इन फर्मों द्वारा कुल 12 करोड़ से ऊपर की जीएसटी चोरी की है। बता दें कि राज्य कर आयुक्त के निर्देशों पर गठित टीमों ने देहरादून, ऋषिकेश, हरिद्वार, रुड़की, काशीपुर, हल्द्वानी और रुद्रपुर स्थित फर्मों पर कार्यवाई की है। बुधवार को छापेमारी की गई। इन फर्मों द्वारा अपने व्यापार से संबंधित फर्जी संव्यवहारों को छिपाने के लिए बिल टू शिप टू का मोड्यूल का सहारा लिया जा रहा था। इन फर्मों के ई-वे बिल में प्रयुक्त वाहनों की जांच में पाया गया कि वे ई-वे बिल बनाए जाने की तिथियों के दौरान ई-वे बिल में प्रदर्शित स्थलों के मार्ग पर स्थित टोल प्लाजा को पार ही नहीं किया गया।

New Delhi

## नए साल तक राहत नहीं; दिल्ली-एनसीआर समेत इन इलाकों में घना कोहरा, UP-MP और यहां होगी बारिश

**नई दिल्ली, (एजेंसी)** देश के कई हिस्सों में इन दिनों कड़ाके की ठंड पड़ रही है। दिल्ली-एनसीआर, हरियाणा, पंजाब और यूपी समेत दूसरे इलाके घने कोहरे की चपेट में हैं। गुरुवार से कोहरे का प्रकोप और भी ज्यादा बढ़ गया है जिससे दृश्यता काफी घट गई है। ऐसे में लोगों को यातायात में परेशानियां उठानी पड़ रही हैं और कई ट्रेनें व हवाई जहाज भी देरी का सामना कर रहे हैं। भारत मौसम विज्ञान विभाग (IMD) का कहना है कि 30 दिसंबर तक घना कोहरा छाया रहने वाला है। दिल्ली, उत्तर प्रदेश, पंजाब, हरियाणा और चंडीगढ़ समेत कई दूसरे इलाकों में भी कड़ाके की ठंड जारी रहेगी। ऐसे में लोगों को सर्दी से बचाव के उपाय जारी करने की अपील की गई है। आईएमडी की ओर से जारी बुलेटिन में कहा गया कि साल के आखिरी दिन यानी 31 दिसंबर को कोहरे से कुछ राहत मिल सकती है। हालांकि, इस दौरान कोहरा पूरी तरह से गायब नहीं होने वाला है। रिपोर्ट के मुताबिक, नए साल (1 जनवरी, 2024) पर भी देश के कई हिस्से घने कोहरे की चपेट में रहेंगे। साथ ही ठंड भी अपना असर बरकरार रखेगी। इसलिए लोगों को न्यू ईयर सेलिब्रेट करते वक्त इसका ध्यान रखने की सलाह दी गई है। बता दें कि बर्फीली ठंड के बीच यूपी के गौतम बौद्ध नगर जिले (नोएडा और ग्रेटर नोएडा समेत) में स्कूल बंद हैं।

खेल

# दक्षिण अफ्रीका शीर्ष पर, भारत को भारी नुकसान पाकिस्तान-बांग्लादेश की रैंकिंग भी हम से बेहतर

**नई दिल्ली, (एजेंसी) भारत को दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ बॉक्सिंग डे टेस्ट में शिकस्त झेलनी पड़ी। दो मैचों की टेस्ट सीरीज के पहले मुकाबले में दक्षिण अफ्रीका ने सेंचुरियन में भारतीय टीम को पारी और 32 रनों से हरा दिया। पहली पारी के आधार पर दक्षिण अफ्रीका के पास 163 रन की बढ़त थी। टीम इंडिया अपनी दूसरी पारी में 131 रन पर ऑलआउट हो गई। इस हार से टीम इंडिया को विश्व टेस्ट चैंपियनशिप की अंक तालिका में भारी नुकसान हुआ है। टेस्ट सीरीज शुरू होने से पहले शीर्ष पर पहुंची टीम इंडिया को चार स्थानों का नुकसान हुआ है।**

भारत विश्व टेस्ट चैंपियनशिप की अंक तालिका में पाकिस्तान, न्यूजीलैंड और बांग्लादेश के बाद पांचवें स्थान पर लुढ़क गया है। वहीं, दक्षिण अफ्रीकी टीम को



जीत का काफी फायदा हुआ है। टीम सीधे शीर्ष पर पहुंच गई है। उसके 12 अंक और 100 अंक प्रतिशत हैं। टीम ने अब तक सिर्फ एक ही टेस्ट खेला है। वहीं, भारतीय टीम के पास 16 अंक हैं और 44.44 अंक प्रतिशत है। टीम इंडिया ने विश्व टेस्ट चैंपियनशिप 2023-25 चक्र में अभी तक कुल तीन टेस्ट खेले हैं। इस दौरान टीम ने एक टेस्ट जीता और एक ड्रॉ रहा। एक में भारतीय टीम को हार का सामना करना पड़ा है।

पाकिस्तान की टीम 22 अंक और 61.11 अंक प्रतिशत के साथ दूसरे, न्यूजीलैंड की टीम 12 अंक और 50 अंक प्रतिशत के साथ तीसरे और बांग्लादेश 12 अंक और 50 अंक प्रतिशत के साथ चौथे स्थान पर है। ऑस्ट्रेलिया 41.67 अंक प्रतिशत के साथ छठे और वेस्टइंडीज 16.67 अंक प्रतिशत के साथ सातवें स्थान पर है। इंग्लैंड आठवें और श्रीलंका नौवें स्थान पर है। रोहित शर्मा की टीम दक्षिण अफ्रीका में पहली बार टेस्ट सीरीज जीतने के लक्ष्य के साथ आई थी, लेकिन महज तीन दिन में ही पहला टेस्ट हारने के साथ उम्मीदों पर पानी फिर गया। भारतीय बैटिंग यूनिट को दक्षिण अफ्रीका के तेज गेंदबाजों ने धराशाई कर दिया, जबकि गेंदबाज मेजबान टीम के बल्लेबाजों पर अंकुश नहीं लगा सके।

दक्षिण अफ्रीका के कई दिग्गज क्रिकेटरों ने इसे भारत के पास टेस्ट सीरीज जीतने का सर्वश्रेष्ठ मौका करार दिया था, लेकिन दक्षिण अफ्रीका ने बल्लेबाजी हो या गेंदबाजी, सभी विभागों में अच्छा प्रदर्शन किया। दक्षिण अफ्रीका की ओर से डीन एल्गर (185), कागिसो रबाडा (आठ विकेट), नांद्रे बर्गर (सात विकेट), मार्को यानसेन (नाबाद 84 और चार विकेट) ने शानदार प्रदर्शन किया। भारत ने अपनी पहली पारी में 245 रन बनाए, जिसमें केएल राहुल ने 101 रन का योगदान दिया था। दूसरी पारी में विराट कोहली 76 रन के साथ भारत के सर्वोच्च स्कोरर रहे।

सिनेमा

## 'सलार' 6 दिन में पहुंची 500 करोड़ पार, प्रभास ने सलमान की 'टाइगर 3' को पछाड़ा, बेहतर किया अपना रिकॉर्ड



इंडियन सिनेमा के सबसे बड़े सुपरस्टार्स में शामिल प्रभास एक बार फिर से थिएटर्स में राज कर रहे हैं. 'बाहुबली 2' के बाद से प्रभास की फिल्में उस तरह नहीं परफॉर्म कर पा रही थीं जैसी जनता को उम्मीद थी. उनकी फिल्म 'साहो' ने फिर भी ठीकठाक कमाई की थी, मगर 'राधे श्याम' और 'आदिपुरुष' का हाल अच्छा नहीं रहा था. ऐसे में प्रभास के स्टारडम पर भी सवाल उठने लगे थे. मगर अब 'सलार' ने ऐसा धमाका किया है कि इस तरह के सारे सवाल धुंआ-धुंआ हो गए हैं. KGF यूनिवर्स बनाने वाले डायरेक्टर प्रशांत नील के साथ प्रभास का कॉम्बो, एक विस्फोटक एक्शन फिल्म लेकर आया है. फिल्म को क्रिटिक्स ने भी जमकर सराहा है और जनता भी प्रभास के एक्शन से लेकर, प्रशांत के विजन तक की खूब तारीफ कर रही है. बीते शुक्रवार को थिएटर्स में रिलीज हुई 'सलार' ने 6 दिन की कमाई से ही बड़े-बड़े रिकॉर्ड्स के सामने चुनौती पेश करनी शुरू कर दी है. प्रभास की फिल्म ने पहले ही दिन से तूफानी कमाई की शुरुआत कर दी थी. 2023 की सबसे बड़ी वर्ल्डवाइड ओपनिंग लेकर आई 'सलार' का क्रेज वर्किंग डेज में भी दमदार बना हुआ है. नया हफ्ता शुरू होने के बाद भी फिल्म की कमाई तेजी से आगे बढ़ रही है.

# संपादकीय

## लापरवाही- जिम्मेदार कौन ...?

कई बार लोग लिफ्ट को पूरी तरह दुरुस्त मान कर उसमें अपने घर या गंतव्य की ओर जा रहे होते हैं, मगर हादसे का शिकार हो जाते हैं। बीते हफ्ते ही नोएडा में एक इमारत की आठवीं मंजिल से एक लिफ्ट गिर गई, जिसमें कई लोग बुरी तरह घायल हो गए। पिछले कुछ महीनों के दौरान लगातार कई ऐसे हादसों में लोगों की मौत की वजह से ही हालत यह है कि बहुमंजिला सोसाइटियों में रहने वाले लोग अब लिफ्ट से आने-जाने के दौरान एक डर से गुजर रहे होते हैं कि कब यह टूट कर गिर जाए या बीच में ही बंद हो जाए। दरअसल दिल्ली के नरेला इलाके में एक फैक्टरी की लिफ्ट के टूट कर तीस फुट की ऊंचाई से गिरने और उसमें एक मजदूर की मौत को फिर एक हादसा ही मान लिया जाएगा। मगर पिछले कुछ समय से दिल्ली सहित राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र के अलग-अलग इलाकों से बहुमंजिला इमारतों में लिफ्ट गिरने की जैसी घटनाएं सामने आ रही हैं, उससे साफ है कि इसके पीछे लापरवाही और व्यापक भ्रष्टाचार है।यह कैसे संभव हो पाता है कि ज्यादा ऊंचाई वाली इमारतों में आवाजाही की सुविधा के लिए लिफ्ट तो लगा दी जाती है, मगर उसके रखरखाव को लेकर इस कदर लापरवाही बरती जाती है कि किसी तकनीकी गड़बड़ी की वजह से हादसा होता है और नाहक ही लोगों की जान चली जाती है। नरेला में जिस फैक्टरी में लिफ्ट गिरने की घटना हुई, वहां एक अहम सवाल यही है कि दिल्ली में फिलहाल निर्माण कार्यों पर रोक का नियम लागू है, तब वहां फैक्टरी में मरम्मत का काम कैसे चल रहा था! फिर उस लिफ्ट के सहारे काम क्यों जारी रखा गया था, जो पहले ही कमजोर और टूट कर गिर जाने की हालत में पहुंच चुकी थी? सच यह है कि पिछले कुछ समय से दिल्ली और नोएडा में बहुमंजिला इमारतों में लिफ्ट गिरने और उनमें लोगों की मौत की जितनी भी घटनाएं सामने आई हैं, वे आमतौर पर व्यवस्थागत लापरवाही और लिफ्ट लगाने के दौरान उसकी खराब गुणवत्ता से समझौता करने वजह से हुई लगती हैं। सवाल है कि जिस वक्त किसी इमारत में लिफ्ट लगाई जाती है, तब इसकी पड़ताल करने में कोताही क्यों की जाती है कि लोगों के आने-जाने के लिहाज से यह पूरी तरह सुरक्षित है या नहीं? कोई भी लिफ्ट अचानक नहीं गिरती है, बल्कि उसके उस हालत में पहुंचने की भूमिका पहले ही बन चुकी होती है। या तो इसका ध्यान नहीं रखा जाता कि लिफ्ट गुणवत्ता की कसौटी पर कितनी सुरक्षित है या फिर जिन इमारतों में इसे लगाया जाता है, उसके प्रबंधन इसकी जांच-परख करने की जरूरत नहीं समझते। आमतौर पर बहुमंजिला इमारतों में घर लेने की इच्छा रखने वाले लोगों को वहां मौजूद सुविधाएं गिनाते हुए ऊपर की मंजिलों पर जाने के लिए सुरक्षित लिफ्ट पर खासतौर पर जोर दिया जाता है। ऐसा करके ऊंची कीमतों पर भी फ्लैट की बिक्री को आसान तो बना लिया जाता है, मगर उसमें लोगों के अपने घर में पहुंचने के लिए सुरक्षित आवाजाही और बेहतरीन गुणवत्ता वाली लिफ्ट लगाना सुनिश्चित नहीं किया जाता।

**अर्ज़ किया है..!**

*अपने चेहरे से जो*
*ज़ाहिर है छुपाएँ कैसे*
*तेरी मर्ज़ी के मुताबिक़*
*नज़र आएँ कैसे*

*- वसीम बरेलवी*

॥-२।७॥

MORARI BAPU



सत्य-प्रेम-करुणा...

**मोक्ष शब्द दो अक्षर से मिलकर बना है जिसमें मो का अर्थ मोह और मोक्ष का अर्थ क्षय यानि नाश हो जाना। हमारे जीवन में धीरे धीरे मोह का नाश हो जाये कम हो जाये। उसी को मोक्ष कहते है।**

साभार - Chitrakutdham Talgajarda

### महिला जगत

# मिलिए दिव्यकृति सिंह से, घुड़सवारी में अर्जुन अवार्ड पाने वाली पहली भारतीय महिला



भारतीय महिला एथलीट्स के नाम कई बड़ी उपलब्धि हैं। अंतर्राष्ट्रीय मंच पर भारत की बेटियां खेलों में शानदार प्रदर्शन कर रही हैं, हालांकि घुड़सवारी में महिलाओं की स्थिति पिछले कई वर्षों से बहुत बेहतर नहीं रही। लेकिन लंबे इंतजार के बाद घुड़सवारी में देश की बेटी ने ऐतिहासिक स्वर्ण हासिल कर न केवल अपने राज्य और परिवार, बल्कि भारत का मान भी बढ़ाया है। इस बेटी का नाम दिव्यकृति सिंह हैं। देश का मान बढ़ाने वाली दिव्यकृति पहली भारतीय महिला हैं, जिन्हें घुड़सवारी में अर्जुन अवार्ड से नवाजा गया है। दिव्यकृति सिंह को इस साल एशियन गेम्स में शानदार प्रदर्शन के लिए अर्जुन अवार्ड दिया गया है।

### ◆ दिव्यकृति सिंह का जीवन परिचय

दिव्यकृति सिंह राजस्थान के नागौर जिले की रहने वाली हैं। उन्होंने अजमेर के मेयो कॉलेज गर्ल्स स्कूल और द पैलेस स्कूल जयपुर से शिक्षा हासिल की है। दिव्यकृति पिछले कुछ सालों से जर्मनी में घुड़सवारी की ट्रेनिंग ले रही हैं। घुड़सवारी उन्हें विरासत में मिली। उनके पिता विक्रम सिंह राठौड़ राजस्थान पोलो संघ से जुड़े रहे हैं।

### ◆ घुड़सवारी में दिव्यकृति का करियर

घुड़सवारी में भारत को 41 साल के लंबे इंतजार के बार ऐतिहासिक स्वर्ण पदक मिला है, जिसका श्रेय दिव्यकृति सिंह को जाता है। वह भारतीय घुड़सवारी ड्रेसेज टीम की सदस्य हैं। वर्ष 2022 में दिव्यकृति का एशियन गेम्स में चयन नहीं हो सका था, लेकिन उन्होंने हार नहीं मानी और प्रेक्टिस जारी रखी और इस वर्ष स्वर्ण पदक हासिल किया।

### ◆ दिव्यकृति की रैंकिंग

इसके पहले रियाद, सऊदी अरब में अंतर्राष्ट्रीय ड्रेसेज प्रतियोगिता में दिव्यकृति रजत और दो कांस्य पदक हासिल कर चुकी हैं। मार्च 2023 में अंतर्राष्ट्रीय एक्वेस्ट्रियन फेडरेशन की ओर से जारी ग्लोबल ड्रेसेज रैंकिंग में दिव्यकृति एशिया में नंबर 1 और विश्व में नंबर 14 स्थान पर रहीं।

## Highlights

1. **Voting to choose Ram Lalla's idol among 3 options to be held today: Report**
2. **Rainfall warning issued for December 31 and January 1 for 5 states**
3. **Winter weather update: dense fog, cold days, and rainfall**
4. **Ayodhya Airport to be Known in the Name of 'Maharishi Valmiki'**
5. **Today's petrol diesel price update: check the latest fuel rates**

# 'Reliance belongs to...': What Mukesh Ambani said on RIL's succession planning



**NEW DEIHI, (Agency).** Billionaire Mukesh Ambani has been running and expanding his conglomerate Reliance Industries for the last two decades. However, Ambani has been advancing the succession of leadership for Reliance, set to hand it over to his children soon.

Mukesh Ambani, speaking on the occasion of Reliance Family Day, highlighted the future of his company Reliance Industries Ltd (RIL), and how his children will take the firm forward.

While speaking about handing over the command to the company soon, Ambani said that the future of Reliance belongs to his three children Akash, Isha and Anant Ambani, as well as executives from their generation.

The billionaire said, "At a time when Reliance is undergoing a generational transition, I attach immense importance to further strengthening this unique institutional culture. Here is yet another principle we must follow. We must keep Reliance forever young by ensuring that the average age of all our talented teams remains in the '30s."

Stressing how Reliance will soon grow under the leadership of his children, Mukesh Ambani said that he wishes to see Reliance grow to be one of the Top 10 business conglomerates in the world.

"As India races ahead to become the world's third largest economy, an unprecedented opportunity awaits Reliance. Reliance can, and Reliance will, grow to be among the Top 10 business conglomerates in the world," he said.

Reliance succession planning for Isha, Akash, Anant

Mukesh Ambani commenced the succession planning of his conglomerate Reliance Industries earlier this year when he appointed his three children - twins Akash and Isha and younger son Anant - to the board of the company after approval from shareholders.

Ambani is planning to put into place a clear succession plan and transfer of shares of Reliance equally between his three children to avoid a dispute similar to what happened with family patriarch Dhirubhai Ambani passed away in 2002.

# All in a year: Equity market investors turn richer by ₹80.62 lakh crore in 2023

**NEW DEIHI, (Agency)** Experts said India's strong macroeconomic fundamentals, political stability owing to the BJP's success in recent elections in three significant states, optimistic corporate earnings outlook, signals from the US Federal Reserve about three prospective rate cuts next year and heavy retail investors participation played a major role in fuelling the stock market rally in 2023.

Till December 28 this year, the 30-share BSE Sensex has jumped 11,569.64 points or 19 per cent.

The market capitalisation of BSE-listed companies has climbed sharply by ₹80,62,310.14 crore so far this year to reach an all-time high of ₹3,63,00,558.07 crore. At the close of trade on Thursday, the market valuation of BSE-listed firms reached the lifetime high. The Indian market has demonstrated resilience, emerging as one of the standout performers within the broader emerging markets basket, Sunil Nyati, Managing Director of Swastika Investmart Ltd, said.

According to him, 2023 is not just a good year for the Indian stock market but also a triumph for retail investors.

"Retail investors, no longer prone to panic during corrections, are confidently holding onto their investments, ready to ride the wave of India's economic ascent," he added.

Indian equities added another feather to its cap as the combined market valuation of all listed companies on the leading stock exchange BSE reached the USD 4 trillion-milestone for the first time ever on November 29 this year.

# पुलिसकर्मियों के घर की तलाशी में नहीं मिले 14 लाख

**@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट**

इंदौर। **चंदन नगर में पंजाब ट्रेवल्स की बस में 14 लाख का पार्सल गायब होने का मामला उलझता जा रहा है। पुलिस अधिकारियों ने अकाउंट के साथ घर की तलाशी ली लेकिन रुपए का हिसाब-किताब नहीं मिला। इधर बस ड्राइवर से विवाद की बात सामने आई है। इस मामले में एक अफसर जांच की बात कर रहे थे। लेकिन थाना प्रभारी की जल्द बाजी में दोनों आरोपी बन गए। रुपए जब्त करने को लेकर डिपार्टमेंट में ही मशक्कत चल रही है।**

पुलिसकर्मी योगेश ओर दीपक का नाम एफआईआर में बढ़ा दिया गया। रात में उन्हें हिरासत में लेकर पूछताछ की गई। गुरुवार को द्रविड़ नगर इलाके में योगेश के घर और आरएपीटीसी में दीपक के घर पर भी पुलिस तलाशी के लिये पहुंची। लेकिन रुपए नहीं मिले। हवालात में बंद दोनों पुलिसकर्मी भी वारदात में अपना हाथ होने की बात से इंकार कर रहे हैं। उन्होंने अफसरों को बताया कि बस खड़ी करने को लेकर ड्राइवर को डांटा था लेकिन पार्सल गायब नहीं किया। एडिशनल डीसीपी अभिनव विश्वकर्मा ने मीडिया को बताया कि 25 दिसंबर को दर्ज एफआईआर में रात में योगेश और दीपक का नाम लिखा गया है। ड्राइवर नरेन्द्र तिवारी का नाम भी नहीं हटाया गया है। इधर, टीआई इंद्रमणि पटेल रुपए जब्ती को लेकर कशमकश कर रहे हैं। बताया जाता है कि एडिशनल डीसीपी अभिनव विश्वकर्मा को जब डीसीपी राजेश सिंह ने मामले की जांच करने भेजा तो उन्होंने पंजाब बस के ड्राइवर तिवारी और दोनों पुलिसकर्मियों से पूछताछ की। विश्वकर्मा ने मामले को संदिग्ध मानकर जांच की बात कही। लेकिन रात में टीआई ने दोनों के नाम एफआईआर में शामिल करवा दिए।

# सड़क हादसे में हम्माल की मौत

**@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट**

इंदौर। राऊ टोल नाके के पास एक हम्माल की मौत हो गई। हम्माल चोइथराम मंडी में काम करता था। हादसे में उसका साथी भी घायल हुआ है। दोनों महेश्वर से दोस्त से मिलने निकले थे, लेकिन लौटते वक्त टोल नाके के यहां ट्रक ने उन्हें टक्कर मार दी। पुलिस के मुताबिक मनोज (40) पुत्र आनंद राम मालवीय निवासी अमर पैलेस कॉलोनी गुरुवार सुबह अपने दोस्त राजेश के साथ बाइक से महेश्वर गए थे। लेकिन वे आधे रास्ते से ही घर लौटने लगे। राऊ-किशनगंज के बीच में बने टोल नाके पर उनकी बाइक को पीछे से एक ट्रक ने टक्कर मार दी। पुलिस टक्कर मारने वाले वाहन की फुटेज के आधार पर तलाश कर रही है। इस हादसे में मनोज की मौके पर मौत हो गई। लोगों ने ट्रक का पीछा किया। लेकिन ड्राइवर गाड़ी तेज गाड़ी चलाकर फरार हो गया। मनोज ओर राजेश चोइथराम मंडी में हम्माली करते हैं। मनोज ने घर पर किसी को जानकारी नहीं दी। बाद में राजेश के माध्यम से ही उन्हें हादसे की जानकारी लगी। मनोज के परिवार में एक बेटा और बेटी है।

# शोरूम में घुसे चोर, म्यूजिक सिस्टम और नकदी ले भागे

### फुटेज से आरोपियों की तलाश कर रही पुलिस

इंदौर। राऊ इलाके के महिन्द्रा शोरूम में चोरी की वारदात हुई है। शोरूम की तरफ से मामले में केस दर्ज कराया गया है। चोर यहां से इलेक्ट्रिक पाट्र्स और नगद लेकर फरार हुए हैं। पुलिस को शोरूम की तरफ से फुटेज भी सौंपे गए हैं। पुलिस फुटेज की जांच करने के साथ आरोपियों की पहचान कर तलाश में जुटी है। पुलिस के मुताबिक विपिन कुमार समंदर ने निवासी बंगाली चौराहे की शिकायत पर अज्ञात तीन से चार चोरों के खिलाफ केस दर्ज किया गया है। विपिन के मुताबिक एबी रोड राऊ में सौम्या व्हिकल्स महिन्द्रा का शोरूम है। यहां बदमाशों ने ताला तोडक़र कार के अंदर लगने वाले म्यूजिक कंपनी के सिस्टम, ब्लूटुथ, स्पीकर और अन्य सामान चुराकर ले गए। वहीं बदमाश केशियर के केबिन में घुसे। यहां ड्रॉज में रखा कैश भी चुरा लिया। पुलिस को सीसीटीवी के फुटेज सौंपे गए हैं। इसमें बदमाश अंदर आते हुए दिखे हैं। बदमाश यहां कुछ देर रुके इसके बाद फरार हो गए। पुलिस के मुताबिक घटना देर रात की है। पुलिस के मुताबिक जल्द आरोपियों को गिरफ्तार किया जाएगा।

# रात में द्वारकापुरी थाने पहुंचे पुलिस कमिश्नर

**@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट**

इंदौर। **मुख्यमंत्री डा. मोहन यादव से मिलें निर्देशों के बाद अफसरों ने औचक दौरे शुरू कर दिए। गुरुवार देर रात नगरीय सीमा में आयुक्त-उपायुक्त ने थानों का निरीक्षण किया। आयुक्त ने दो थानों की व्यवस्था देखी। एक थाने में हवालात न देख कर चौक गए। इस थाने के मुलजिमों को करीबी थानों की हवालात में बैठाना पड़ता है।**

पुलिस मुख्यालय में हाल ही मुख्यमंत्री ने बैठक लेकर थानों की व्यवस्था देखने के लिए कहा था। पुलिस आयुक्त मकरंद देऊस्कर रात करीब 2 बजे द्वारकापुरी और राजेंद्र नगर थाने का निरीक्षण करने पहुंचे तो पुलिसकर्मी चौंक गए। द्वारकापुरी थाना दो कमरों से संचालित हो रहा है। यहां थाना प्रभारी का केबिन तो है लेकिन मुलजिमों को बैठाने के लिए हवालात नहीं है।

आयुक्त ने टीआइ से पूछा तो कहा कि संदेहियों को तो एचसीएम के सामने बैठा लेते है। रिमांड पर आए मुलजिमों को रात में अन्नपूर्णा और चंदन नगर थाने में रात बिताना पड़ती है। सुबह होते ही पूछताछ के लिए ले आते हैं।

यहां एसपी ने ग्रामीण थानों को जांचा

एसपी (ग्रामीण) सुनील मेहता ने देर रात क्षिप्रा और खुड़ैल थाने का निरीक्षण किया। थाने का रिकार्ड, हवालात में बैठे मुलजिमों को देखा। लंबित अपराध, मर्ग निराकरण और थाना परिसर में खड़े जब्त वाहनों के बारे में पूछताछ की। एसपी ने यह भी कहा कि नववर्ष पर नाकों पर विशेष चेकिंग व्यवस्था की जाए।

# जहर खाने से महिला की मौत

**@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट**

**इंदौर।** द्वारकापुरी इलाके में रहने वाली एक 36 साल की महिला की जहर खाने से मौत हो गई। पुलिस के मुताबिक संगीता को उसका पति सुरेश पचोरे निवासी प्रजाप्रत नगर अस्पताल लेकर पहुंचा। यहां उसने उपचार के दौरान दम तोड़ दिया। पुलिस ने बताया कि संगीता मार्केट गई थी। यही से जहरीली वस्तु खरीदकर ले आई। अब भी बुधवार को ही आकोला से इंदौर आया। घर पर तैयार होकर काम पर चले गया। इसके बाद उसे मां का कॉल आया कि संगीता की तबीयत बिगड़ रही है। दोनों की शादी को करीब 15 साल हो गए। परिवार में दो बच्चे है।




# नाबालिग से दुष्कर्म और हत्या का आरोपी गिरफ्तार

**@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट**

इंदौर। **बाणगंगा से लापता 14 वर्षीय किशोरी की हत्या का आरोपित पकड़ा गया। उसने किशोरी के साथ दुष्कर्म किया था। किशोरी के शोर करने पर मुंह दबाकर मार डाला। पुलिस ने डेढ़ सौ से ज्यादा सीसीटीवी कैमरे की जांच के बाद गुत्थी सुलझाई है।**

पुलिस के मुताबिक आरोपित का नाम यशपाल लोधी है, जो नंदबाग कालोनी में रहता है। परिचित होने से वह किशोरी से बातचीत करता था। उसने किशोरी को बहाने से बुलाया और 60 फीट रोड की तरफ ले गया। करीब पांच घंटे घुमाने के बाद यशपाल सुपर कारिडोर स्थित इन्फोसिस के पीछे खेत में ले गया और किशोरी से दुष्कर्म किया। वह रोने लगी तो आरोपित ने मुंह और नाक दबा दी। दम घुटने से किशोरी की मौत हो गई। शरीर से हलचल नहीं होने पर आरोपित उसे छोडक़र घर आ गया। पुलिस ने नंदबाग कालोनी से सीसीटीवी फुटेज में आरोपित को जाते हुए देखा और गुरुवार तडक़े चार बजे घर से उठा लिया। फुटेज में दिखे कपड़े और जूते भी मिल गए। सख्ती से पूछताछ की तो उसने दुष्कर्म और हत्या करना स्वीकार कर लिया। रात में आरोपित को बाणगंगा थाना के सुपुर्द कर दिया गया। बच्ची के पिता ने 14 दिसंबर को अपहरण की कायमी करवाई थी।

**परिजन के आसपास घूमता रहा हत्यारा-** अपहरण की एफआइआर दर्ज होने पर पुलिस सक्रिय हुई तो आरोपित ने नजर रखना शुरू कर दी। वह पुलिस की गतिविधियों को देखता रहा। बाणगंगा थाने की पुलिस ने फोरी तौर पर पड़ताल की और चली गई। शव मिलने के बाद एरोड्रम पुलिस सक्रीय हुई और किशोरी से बातचीत करने वालें आठ युवकों को हिरासत में लिया। किसी को शक न हो इसलिए यशपाल घर पर रहा। गुरुवार तडक़े पुलिसवाले घर पहुंचे तो उनके साथ चला गया। पहले उसने गुमराह करने की कोशिश की, लेकिन फुटेज दिखाए तो टूट गया।

### महिला की चोरी पकड़ी तो बेटे ने किया हमला

**इन्दौर।** बाणगंगा में एक फैक्ट्री में महिला की चोरी पकड़ाने के बाद उसके बेटे और दोस्त ने कर्मचारी पर चाकू से हमला कर दिया। इस मामले में पुलिस ने आरोपी पर केस दर्ज किया है। बाणगंगा पुलिस के मुताबिक पोलोग्राउंड में खत्री सप्लाय फैक्ट्री है। यहां किशन वर्मा निवासी ऋषि नगर की शिकायत पर जुनैद निवासी सदर बाजार ओर उसके साथी पर केस दर्ज किया है। किशन ने बताया फैक्ट्री में काम करने वाली जुनैद की मां का झोला चेक किया। जिसमें टेबल फेन की मोटर निकली।

स्वामी, मुद्रक एवं प्रकाशक - पुष्पेंद्र पुष्प द्वारा पंकज प्रिंटर्स एंड पैकेजिंग एलयूएन-22, सेक्टर एफ, सांवेर रोड, इंडस्ट्रीयल एरिया, इंदौर से मुद्रित एवं 406- इंडस्ट्री हाउस 15 ए.बी. रोड, ओल्ड पलासिया, इंदौर (म.प्र.) से प्रकाशित।
■ आर.एन.आई. नंबर MPBIL/2015/66535 ■ डाक पंजीयन : एमपी/आईडीसी/1600/2023-2025 ■ *प्रधान संपादक - पुष्पेन्द्र पुष्प, ■ फोन : 0731-2433667 ■ *पीआरबी एक्ट के तहत समाचार चयन के लिए जिम्मेदार। न्याय क्षेत्र इंदौर रहेगा।
इस समाचार पत्र में प्रकाशित विभिन्न समाचार, सूचनाएं, आलेख एवं विचार लेखकों के अपने है तथा विभिन्न समाचार एजेंसियों एवं स्त्रोतों से प्राप्त किए गए हैं अतः इनसे प्रकाशक, संपादक एवं मुद्रक का सहमत होना अनिवार्य नहीं है- संपादक